हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



माननीया मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जताई नाराजगी 4

वर्ष : 11 अंक : 08 देहरादून, बृहस्पतिवार, 23 जून, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08


# इस्तीफे से पहले उद्धव ठाकरे ने परिवार समेत सरकारी आवास छोड़ा, 'वर्षा' छोड़ 'मातोश्री' पहुंचे महाराष्ट्र सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

महाराष्ट्र में मचे राजनीतिक घमासान के बीच मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सरकारी आवास खाली कर दिया है। अपना पूरा सामान और परिवार के साथ वो मातोश्री में शिफ्ट हो गए हैं। खुद उद्धव ने बुधवार को फेसबुक लाइव में इस बात की घोषणा की थी अगर उनकी पार्टी का एक एक भी विधायक उनके खिलाफ है तो वे सीएम पद से इस्तीफा देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा था कि वे मुख्यमंत्री का सरकारी आवास 'वर्षा' भी खाली करने को तैयार हैं।

उद्धव ने मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है और वे अपने घर मातोश्री चले गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उद्धव मातोश्री से ही सीएम का कामकामज करेंगे। हालांकि उन्होंने अभी सीएम पद से इस्तीफा नहीं दिया है। कुछ तीस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि सीएम उद्धव का सामान वर्षा बंगले से मातोश्री ले जाया जा रहा है। महाराष्ट्र के मंत्री आदित्य ठाकरे अपनी मां रश्मि ठाकरे और भाई तेजस ठाकरे के साथ मुंबई में अपने आधिकारिक आवास से निकलकर मातोश्री चले गए हैं।

जब ठाकरे सरकारी आवास से बाहर निकल रहे थे तब नीलम गोरहे और चंद्रकांत




खैरे जैसे शिवसेना नेता वहां मौजूद थे। जब वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपने आधिकारिक घर से रात नौ बजकर 50 मिनट पर निकले तो पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और मुख्यमंत्री पर पंखुड़ियों की बारिश की।

इससे पहले उनके निजी सामान से भरे बैग को कई कार में लादते हुए देखा गया था। शाम को 'फेसबुक लाइव' में ठाकरे ने कहा था कि वह 'वर्षा' छोड़कर 'मातोश्री' में रहेंगे। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे नवंबर 2019 में मुख्यमंत्री बनने के बाद 'वर्षा' में रहने चले गए थे।

इससे पहले ठाकरे ने बुधवार को एक वर्चुअल संबोधन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह करने वाले बागी विधायकों को सुलह का प्रस्ताव दिया। राज्य के राजनीतिक संकट को नया मोड़ देते हुए उन्होंने कहा कि यदि कोई शिवसैनिक उनकी जगह लेता है तो उन्हें खुशी होगी।

शिवसेना के बागी नेता और मंत्री एकनाथ शिंदे के विद्रोह के कारण सरकार पर आए संकट पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि अगर बागी विधायक यह घोषणा करते हैं कि वह उन्हें (ठाकरे) मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहते तो वह अपना पद छोड़ने के लिए तैयार हैं।

ठाकरे ने कहा, “सूरत और अन्य जगहों से बयान क्यों दे रहे हैं? मेरे सामने आकर मुझसे कह दें कि मैं मुख्यमंत्री और शिवसेना अध्यक्ष के पदों को संभालने में सक्षम नहीं हूं। मैं तत्काल इस्तीफा दे दूंगा। मैं अपना इस्तीफा तैयार रखूंगा और आप आकर उसे राजभवन ले जा सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर किसी शिवसैनिक को अपना उत्तराधिकारी देखकर उन्हें खुशी होगी। ठाकरे ने नवंबर 2019 की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के सुझाव पर अपनी अनुभवहीनता के बावजूद मुख्यमंत्री का पद संभाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राकांपा के कई दशकों तक शिवसेना के राजनीतिक विरोधी होने के बावजूद महा गठबंधन अस्तित्व में आया।

## ईडी ने मानी सोनिया गांधी की मांग, पूछताछ के लिए नई तारीख जारी करेगा प्रवर्तन निदेशालय

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की मांग मानते हुए उन्हें पेशी से कुछ समय की छूट दे दी है। सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय से आग्रह किया था कि उनकी पेशी की तारीख कुछ हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दी जाए। जिसके बाद ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। सोनिया से अब कब पूछताछ होगी इसको लेकर ईडी नई तारीख जारी करेगी। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी ने सोनिया को नए समन की अगली तारीख अभी तय नहीं की है।

इससे पहले कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, ''सोनिया गांधी को कोविड और फेफड़े में संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद चिकित्सकों ने अब



घर पर आराम की सलाह दी है। ऐसे में कांग्रेस अध्यक्ष ने आज ईडी को पत्र लिखकर कहा कि उनकी पेशी की तिथि को अगले कुछ हफ्तों के लिए बढ़ा दिया जाए जब तक वह पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं।'' कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी ने 'नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में 23 जून को तलब किया था। कोविड-19 से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते सोनिया को हाल ही में दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उन्हें सोमवार की शाम छुट्टी मिली।

इसी मामले में ईडी ने राहुल गांधी से पांच दिनों में 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की व इस दौरान धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किये गए। कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई को भाजपा नीत केंद्र सरकार की विपक्षी नेताओं के खिलाफ बदले की राजनीति करार दिया है।

## मूसेवाला मर्डर केस : बिश्नोई की आधी रात को कोर्ट में पेशी, 27 जून तक पुलिस रिमांड बढ़ाई गई

नई दिल्ली (एजेंसी)। मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड लॉरेंस बिश्नोई का पुलिस रिमांड 5 दिन बढ़ गया है। लॉरेंस अब 27 जून तक पुलिस रिमांड में रहेगा। बीती देर रात उसे मानसा कोर्ट में पेश किया गया। रिमांड मिलने के बाद पंजाब पुलिस उसे मानसा से रात को ही खरड़ स्थित क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी स्टाफ के दफ्तर ले आई है। इससे पहले पहले लॉरेंस बिश्नोई का मानसा के सिविल अस्पताल में मेडिकल करवाया।

दरअसल, पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को कड़ी सुरक्षा के बीच मानसा जिला अदालत में देर रात करीब 10 बजे पेश किया। पुलिस ने कोर्ट में दलील दी कि कई गैंगस्टरों से लॉरेंस के सामने बिठाकर पूछताछ करनी है। पुलिस रिमांड के दौरान लॉरेंस बिश्नोई को मोहाली के सीआईए स्टाफ के दफ्तर में रखा गया था और यहीं से कड़ी सुरक्षा के बीच मानसा ले जाया गया। बताया गया कि सुरक्षा कारणों के चलते लॉरेंस बिश्नोई की पेशी रात में ही मानसा कोर्ट के सामने करवाई गई। पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई का मानसा अदालत से 10 दिन का रिमांड मांगा था लेकिन मानसा कोर्ट ने 27 जून तक रिमांड दिया गया है। अब 27 जून को लॉरेंस बिश्नोई को मानसा जिला अदालत में एक बार फिर से पेश किया जाएगा।

पुलिस लॉरेंस को दिल्ली की तिहाड़ जेल से लाई है। पहले मानसा कोर्ट ने उसे 7 दिन के रिमांड पर भेजा गया था। कोर्ट में पेशी के दौरान



पुलिस ने 35 पन्नों की रिपोर्ट पेश की। जिसमें हत्याकांड में लॉरेंस की भूमिका के बारे में बताया। उससे पूछताछ में हुए खुलासे को लेकर कोर्ट को बताया। हालांकि पुलिस ने इस मामले में 10 दिन का रिमांड मांगा था। मगर, कोर्ट से 5 दिन का ही रिमांड मिला।

चंडीगढ़ के पास खरार में अपराध जांच एजेंसी के कार्यालय में पूछताछ के लिए गैंगस्टर को भारी पुलिस सुरक्षा के तहत बुलेट प्रूफ वाहन में लाया गया था। बिश्नोई को दिल्ली से लाए जाने के बाद उसे मानसा की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

## केंद्र सरकार को अग्निपथ वापस लेना ही होगा : राहुल गांधी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार के द्वारा रक्षा मंत्रालय में अग्निपथ योजना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर दोहराते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को अग्नीपथ वापस लेना ही होगा। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं सच्ची देशभक्ति सेना को मजबूत करने में है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए धोखे से सेना को कमजोर कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना देश के युवाओं के लिए और सेना के लिए दोनों ही घातक है और इसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। चीन की सेना हमारे हिंदुस्तान की धरती पर बैठी है किस बात की फिक्र केंद्र की मोदी सरकार को यह नहीं समझ नहीं आ रही है और अपने मनमर्जी करने के लिए सेना के साथ और देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने दशकों पुरानी रक्षा भर्ती प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए तीनों सेनाओं में सैनिकों की भर्ती संबंधी अग्निपथ योजना की 14 जून को घोषणा की थी। इसके तहत साढ़े 17 साल से 21 वर्ष आयु तक के युवाओं की चार साल की अल्प अवधि के लिए संविदा आधार पर भर्ती की जाएगी। इनमें से 25 फीसदी को 15 और वर्षों को लिए सेवा में रखा जाएगा। अन्य को बिना ग्रैच्युटी और पेंशन लाभ के सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा। इसके बाद से ही देश भर में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं।

# आर्य नगर चौक पर सीताराम ज्वैलर्स का शुभारंभ





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। सीताराम ज्वैलर्स हरिद्वार में सोने और हीरे के आभूषण थोक और खुदरा क्षेत्र में एक प्रमुख नाम है। लगभग 150 वर्षों की विरासत के साथ, इसकी स्थापना 1864 में श्री सीतारामजी ने की थी और आज इसकी देखरेख श्री अशोक कुमार और अमन कुमार कर रहे हैं। अशोकजी, जो 1974 में शामिल हुए थे, ने अपने कौशल के साथ व्यवसाय का नेतृत्व किया और सराफ़ा बाज़ार के एक छोटे से ज्वैलरी स्टोर से उत्तर भारतीय बाजारों में थोक बिक्री तक बढ़ा दिया, जब उनके बेटे अमन कुमार ने व्यवसाय में शामिल हो गए।

अशोक जी अपने वचन के व्यक्ति रहे और उनका मानना है कि वह अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम संभव मूल्य पर नवीनतम डिजाइन देना चाहते हैं। वह संबंध केंद्रित थे और उनका मानना है कि उनके ग्राहक के भरोसे से ज्यादा कुछ भी मायने नहीं रखता है जो पीढ़ियों से बना है।अमन को उसके पिता अशोक जी ने सलाह दी और वह व्यवसाय का हिस्सा बन गए। उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से आभूषण उद्योग सीखना भी शुरू किया और महसूस किया कि आभूषण का भविष्य उद्योग में अन्य स्थापित ब्रांडों की तरह आधुनिक खुदरा बिक्री में है। इसलिए अमन एक मजबूत टीम और हर तरह के पेशेवर सलाहकारों की मदद से सीताराम ज्वैलर्स को एक पारिवारिक और पेशेवर रूप से प्रबंधित ज्वैलरी स्टोर बनाने का लक्ष्य बना रहा है। अमन की माता जी श्रीमती. साधना रानी भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसाय में सक्रिय रूप से शामिल हैं। वह स्टोर के लिए व्यापारिक चयन, प्रदर्शन और नए संग्रह में मदद करने के लिए महिलाओं की अपनी समझ का उपयोग करती है।

सीताराम ज्वैलर्स सिल्वर ज्वैलरी, फैशन ज्वैलरी, गोल्ड ज्वैलरी, डायमंड ज्वैलरी, सॉलिटेयर्स, एंटीक टेम्पल ज्वैलरी, जड़ाऊ कुंदन ज्वैलरी से लेकर हर तरह के ज्वैलरी रखते हैं और जल्द ही प्लेटिनम ज्वैलरी भी रखेंगे। डिजाइनर ज्वैलरी की चाहत रखने वाले हर तरह के ग्राहकों के लिए 1000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक के पर्याप्त विकल्प मौजूद हैं।सीताराम ज्वैलर्स के आज हरिद्वार में 2 स्टोर हैं, एक सराफा बाजार में और दूसरा आर्य नगर चौक पर। नई इमारत सीताराम हाउस अमन की परियोजना थी और इसे नए युग के ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन और निर्मित किया गया है, जिनके लिए आभूषण खरीदना एक संपूर्ण अनुभव है। इस अनुभव के लिए न केवल उत्पाद की आवश्यकता होती है, बल्कि पार्किंग से लेकर सुरक्षा गार्ड तक, शोरूम के इंटीरियर और सौंदर्यशास्त्र, आरामदायक कुर्सियों, चमकदार काउंटरों, जगमगाती रोशनी और प्रशिक्षित बिक्री और सेवा कर्मचारियों के लिए खरीदारी को एक सुखद घटना में बदल देता है। ग्राहक जल्द ही नवीनतम डिजाइन सोशल मीडिया और वेबसाइट पर भी देखेंगे जो जल्द ही लॉन्च किया जाएगा। अमन का नया दृष्टिकोण स्टॉक की सबसे बड़ी विविधता, संचालन में पारदर्शिता और एक बेहतर ग्राहक सेवा अनुभव प्रदान करके क्षेत्र का एक विश्वसनीय ज्वैलरी रिटेलर बनना है।सीताराम ज्वैलर्स के साथ, अमन भी पहली मंजिल पर उसी परिसर में सागर रत्न के नाम से एक बहुत अच्छी स्थापित दक्षिण भारतीय रेस्तरां फ्रेंचाइजी खोल रहा है। पत्रकार वार्ता में अशोक गोयल, प्रदीप गोयल, अमन गोयल, राकेश बंसल, अंकित जैन, साधना गोयल, विक्की जेम्स ज्वेल्स प्रेसीडेंट कनक भरत पराशर एवं कॉर्डिनेटर नवीन सदारंगानी मौजूद थे।

# पर्यटन को बढ़ावा देने में हेलीपैड्स और हेलीपोर्ट्स महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं : मुख्य सचिव




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में प्रदेश में बनाए जाने वाले हेलीपोर्ट्स एवं हेलीपैड्स की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने में हेलीपैड्स और हेलीपोर्ट्स महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में शीघ्र से शीघ्र हेलीपोर्ट्स हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए, कहा कि जिन जनपदों में भूमि चिन्हित कर ली गई है, उनमें शीघ्र कार्य शुरू किए जाएं।मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि एयर कनेक्टिविटी और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन स्थलों के आसपास हेलीपोर्ट्स और हेलीपेड्स विकसित किए जाएं। उन्होंने नैनीताल में भीमताल के आसपास हेलीपोर्ट के लिए जगह चिन्हित करने हेतु जिलाधिकारी को ड्राइव चलाने के निर्देश दिए, साथ ही कौड़ियाला और चकराता के पास भी हेलीपैड बनाए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने हिमालय दर्शन जैसी योजना भी शुरू किए जाने पर बल देते हुए कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सबसे पहले कनेक्टिविटी पर कार्य किया जाए। सभी योजनाओं पर समयबद्धता के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने भूमि चिन्हीकरण, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, अधिग्रहण अथवा भूमि हस्तांतरण, निर्माण हेतु टेंडर प्रक्रिया आदि जैसे प्रत्येक कार्य के लिए समयसीमा पूर्व में ही निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि प्रत्येक योजना की साप्ताहिक अथवा पाक्षिक मॉनिटरिंग की जाए, ताकि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण हो सकें।मुख्य सचिव ने कहा कि हेलीपैड्स एवं हेलीपोर्ट्स के निर्माण पर शीर्घ से शीघ्र कार्य किया जाए। पर्यटन स्थलों में हेलीपैड्स विकसित करने के लिए प्राथमिकता तय की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में सिर्फ कनेक्टिविटी के कारण पिछड़ रहे क्षेत्रों को प्राथमिकता पर लिया जाए।इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर एवं एसीईओ यूटीडीबी श्री सी. रविशंकर सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा ने मारी बाजी, खट्टर बोले- अग्निपथ के विरोध का असर नहीं

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की है। यहां 18 निकाय परिषदों और 28 निगमों के मतदान हुए थे। भाजपा ने इनमें से 22 सीटों पर जीत हासिल कर ली है, वहीं सहयोगी जननायक जनता पार्टी ने तीन सीटें जीती हैं। इसके अलावा 19 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं। एक-एक सीट पर आम आदमी पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल को सफलता हासिल हुई है। बता दें कि कुल 46 सीटों पर चुनाव हुए थे।

खट्टर बोले- अग्निपथ के विरोध का असर नहीं

भाजपा और जेजेपी गठबंधन ने 46 में से 41 सीटों पर चुनाव लड़ा था। दोनों पार्टियों ने संयुक्त रूप से कुल 25 सीटों पर जीत हासिल की जो कि कुल सीटों का 61 फीसदी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस जीत पर कहा है कि अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन का चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं के समर्पित है। भिवानी से निर्दलीय भवानी प्रताप, चरखी दादरी से भाजपा के बख्शी राम सैनी, फतेहाबाद से भाजपा के राजेंद्र सिंह, टोहाना से निर्दलीय रनरेश कुमार, सोहना से भाजपा की अंजू, हांसी से निर्दलीय प्रवीण अहलावादी, नरवाना से निर्दलीय मुकेश रानी, जींद से भाजपा की अनुराधा सैनी, झज्जर से भाजपा के जिले सिंह, बहादुरगढ़ से भाजपा के सरोज राठी, कैथल से भाजपा की सुरभि गर्ग, नारनौल से निर्दलीय कमलेश, नूंह से जजपा के संजय कुमार, कालका से भाजपा के कृष्ण लाल लांबा, पलवल से भाजपा के यशपाल, ने जीत दर्ज की है।

केन्या की मूल निवासी महिला ने भी जीता चुनाव

आम आदमी पार्टी ने एक सीट पर जीत हासिल की है। कुरुक्षेत्र के इस्माइलाबाद नगर पालिका से निशा कानो वांघा को जीत मिली है। वह मूलरूप से केन्या की रहने वाली हैं। वह जब इंग्लैंड में पढ़ाई कर रही थीं तभी उनकी मुलाकात इस्माईलाबाद के पुनीत गर्ग से हुई थी। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद वह इस्माइलाबाद में ही रहती हैं।

## स्वाइन फ्लू से भाजपा नेता की मौत, इस साल पहला डेथ केस, सांस लेने में तकलीफ के बाद हुए थे भर्ती

चंडीगढ़ 22 जून (आरएनएस)। पंजाब में इस साल स्वाइन फ्लू से पहला डेथ केस सामने आया है। लुधियाना में 46 साल के ऐडवोकेट व भाजपा नेता की एच1एन1 वायरस की वजह से जान चली गई। सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक संदीप कपूर किचलू नगर में रहते थे। वह भाजपा के लीगल और लेजिस्लेटिव सेल के को-कन्वेनर थे। 17 जून को उन्हें एच1एन1 संक्रमित पाया गया था। दयानंद मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा थआ। राज्य के एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. गगनदीप सिंह ग्रोवर ने कहा कि पंजाब में इस साल यह स्वाइन फ्लू से पहली मौत है। अस्पताल में अभी स्वाइन फ्लू के दो अन्य मरीजों का भी इलाज चल रहा है। मरीजों में एक शख्स 52 साल का और दूसरा 57 साल का है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत स्थिर है। स्वाइन फ्लू के जो तीन मरीज भर्ता हुए थे तीनों में बीमारी के लक्षण थे। लुधियाना के सिविल सर्जन डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि संदीप कपूर के संपर्क में जो लोग भी आए थे उनका प्रोफाइलैक्टिक ट्रीटमेंट किया गया। उनमें से किसी को संक्रमित नहीं पाया गया था। इन मरीजों में किसी की भी ट्रैवल हिस्ट्री भी नहीं थी।

# नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने समीक्षा बैठक की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों के साथ नंदू फार्म स्थित खाली मैदान में जमे पानी की निकासी सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की आज समीक्षा बैठक की।

बुधवार को बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम डॉ अग्रवाल ने नंदू फार्म में जमे पानी की निकासी के संबंध में अधिकारियों से जवाब मांगा। एनएच के अधिशासी अभियंता रचना थपलियाल ने बताया कि नंदू फार्म में पानी की निकासी के लिए नौ इंच के 30 होल (छेद) किए गए हैं। साथ ही नया नाला भी बनाया गया है, जिसमें मैदान में जमा पानी डाला जाएगा।

डॉ अग्रवाल ने कोयल घाटी से चंद्रभागा पुल तक फोरलेन के कार्यों की प्रगति भी जानी। इस पर सहायक अभियंता शिव सिंह रावत ने बताया कि फोरलेन का कार्य 15 प्रतिशत ही किया गया है। इसमें पेड़ो सहित विद्युत पोल को भी हटाया जाना है। इस पर धीमी गति से कार्य होने पर डॉ अग्रवाल ने नाराजगी जताई।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि फोरलेन के मार्ग में आने वाले पेड़ों को जड़ सहित अन्यत्र जगह पर प्लांट किया जाए। जबकि विद्युत पोल को भी शीघ्र हटाया जाए। डॉ अग्रवाल ने रानी पोखरी में निर्माणाधीन पुल के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा काल में वाहनों के आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि रानीपोखरी में वैकल्पिक व्यवस्था मार्ग पर अलग से हयूम पाईप डाले जाएं। जिससे वर्षा काल के चलते आवागमन में दिक्कतें न पैदा हो। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एनएच रचना थपलियाल, सहायक अभियंता शिव सिंह रावत, अपर सहायक अभियंता छत्रपाल सिंह सहित संबंधित कांट्रेक्टर मौजूद रहे।



# शीघ्र बनेगी पैक्स समितियों की नियमावली : डॉ0 धन सिंह रावत

## प्रत्येक ब्लॉक में तैनात होंगे एडीओ कोऑपरेटिव



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड सहकारिता विभाग के अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) की नियमावली सहित सहकारिता विभाग का संशोधित ढांचा शीघ्र तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों दिये गये। प्रत्येक विकासखंडों में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को तैनात किया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मिकों की तैनाती का अधिकार उत्तर प्रदेश की भांति उप निबंधकों को दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश के साथ विभागीय परिसम्पत्तियों के बंटवारे की सभी तैयारियों के साथ सचिव स्तरीय बैठक करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज अपने शासकीय आवास में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। डॉ रावत ने बताया कि शीघ्र ही प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) की नियमावली तैयार की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि नियमावली बनने से समितियों के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी और स्थानीय स्तर पर इसका लाभ लाभार्थियों को मिल सकेगा। विभागीय मंत्री ने बताया कि सहकारिता विभाग का संशोधित ढांचा तैयार करने के भी निर्देश दे दिये गये हैं। प्रत्येक विकासखंडों में सहायक विकास अधिकारी सहकारिता को तैनात किया जाएगा ताकि विभाग की विभिन्न योजनाओं का विस्तार एवं निःशुल्क ऋण वितरण में तेजी लायी जा सकेगी।। उन्होंने बताया कि विभाग के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी कर्मिकों की तैनाती का अधिकार उत्तर प्रदेश की भांति अब उप निबंधकों को दिया जायेगा। डॉ0 रावत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के साथ विभागीय परिसम्पत्तियों के बंटवारे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर सचिव स्तरीय बैठक करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

**यूपी से परिसंपत्तियों के बंटवारे को होगी सचिव स्तरीय बैठक**



# 30 जून से कोरोनेशन अस्पताल में आईसीयू सुविधा : चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री

## आईसीयू संचालन के लिये 10 स्टाफ नर्स होंगी दून अस्पताल से शिफ्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

आगामी 30 जून से दीन दयाल उपाध्याय कोरोनेशन जिला अस्पताल में आईसीयू सुविधा शुरू कर दी जायेगी। जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। आईसीयू संचालन के लिये दून अस्पताल से 10 स्टाफ नर्सों को कोरोनेशन अस्पताल में तैनात किया जायेगा। दून अस्पताल, कोरोनेशन जिला अस्पताल एवं गांधी शताब्दी नेत्र अस्पताल में वार्ड ब्वायों की कमी शीघ्र दूर की जायेगी। अस्पतालों में आईसीयू एवं अक्सीजन प्लांट के संचालन हेतु पद सृजित किये जायेंगे, इसके लिये अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिये गये हैं।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने आज शासकीय आवास में दीन दयाल उपाध्याय कोरोनेशन जिला अस्पताल, गांधी शताब्दी नेत्र अस्पताल एवं दून अस्पताल की समीक्षा बैठक की। डॉ0 रावत ने बताया कि आगामी 30 जून से कोरोनेशन जिला अस्पताल में आईसीयू सुविधा शुरू कर दी जायेगी। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि आईसीयू संचालन के लिये दून अस्पताल से 10 स्टाफ नर्सों को कोरोनेशन अस्पताल में तैनात किया जायेगा। इसके साथ आईसीयू में 10 वार्ड ब्वायों की शीघ्र तैनाती की जायेगी ताकि मरीजों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। डॉ0 रावत ने बताया कि दून अस्पताल, कोरोनेशन अस्पताल एवं गांधी शताब्दी नेत्र अस्पताल में वार्ड ब्वायों की कमी शीघ्र दूर की जायेगी। विभागीय मंत्री ने बताया कि अस्पतालों में वार्ड ब्वॉय, आईसीयू एवं ऑक्सीजन प्लांट संचालन के लिये चतुर्थ श्रेणी के पद सृजित किये जायेंगे, इसके लिये विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव बनाकर कैबिनेट में लाने के निर्देश दिये गये हैं।

बैठक में अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्राचार्य दून मेडिकल कॉलेज डॉ0 आशुतोष सयाना, मुख्य चिकित्साधिकारी देहरादून डॉ0 मनोज उप्रेती, सीएमएस दून अस्पताल डॉ0 के.सी.पंत, सीएमएस कोरोनेशन जिला अस्पताल डॉ0 शिखा जंगपांगी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माननीया मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

## कहा खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे पर की जाए सख्त कार्यवाही

■ खाद्य आयुक्त सचिन कुर्वे ने जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन सहित किये 5 जिलापूर्ति अधिकारियों के स्थानातरण तो खाद्य मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने बताया 'रूल ऑफ बिजनेस का उल्लंघन' और निरस्त किया स्थानांतरण आदेश

■ खाद्य आयुक्त द्वारा शासन एवं मंत्रालय के अनुमोदन के बिना ट्रांसफर आदेश जारी करना ट्रांसफर एक्ट का भी उल्लंघन : रेखा आर्या

■ ऐसा क्या निजी स्वार्थ रहा कि कमेटी की बैठक कराने से लेकर आदेश निर्गत कर जिलाधिकारीयों तक भेजनें मे लगा मात्र डेढ़ घंटे का समय : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

माननीया मंत्री श्रीमती रेखा आर्या द्वारा माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी को भी कराया गया पूरे मामले से अवगत खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले की मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे द्वारा नैनीताल जिले के जिला पूर्ति अधिकारी श्री मनोज बर्मन को अनिवार्य रूप से अवकाश पर भेजे जाने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है जिसे लेकर माननीया मंत्री महोदया ने खाद्य आयुक्त को पत्र लिखकर कहा कि उक्त विषय को मेरे संज्ञान में लाये बिना आयुक्त खाद्य द्वारा की गई कार्यवाही को तत्काल निरस्त किया जाता है । यह कारवाही बेहद ही खेदजनक और रूल्स ऑफ बिजनेस का घोर उल्लंघन है।

माननीय मंत्री महोदया ने कहा कि विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बिना इस तरह की कार्यवाही का किया जाना मनमानी एवं एकाधिकार प्रतीत है। माननीया मंत्री महोदया जी ने कहा कि खाद्य आयुक्त की इस कार्यवाही को बिल्कुल भी उचित नही ठहराया जा सकता है ।

वहीं दूसरी और खाद्य आयुक्त को माननीया मंत्री महोदया द्वारा दिये गए निर्देशों के बाबजूद भी आयुक्त खाद्य सचिन कुर्वे ने उक्त कारवाही पर कोई अमल नही किया बल्कि उनके जरिये राज्य के 6 जिलों के जिला



पूर्ति अधिकारियों के स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिए गए ।

खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे के द्वारा की गई इस प्रकार की कार्यवाही पर माननीया मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कड़ी नाराजगी वक्त करते हुए खाद्य आयुक्त को पत्र जारी कर जवाब देने को कहा है ।

माननीया खाद्य मंत्री महोदया जी ने सचिन कुर्बे को लिखे अपने पत्र में कहा कि आपके द्वारा जिलापूर्ति अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती के आदेश शासन व विभागीय मंत्री के अनुमोदन के बिना जारी किए गए हैं अतः इन स्थानातरण को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है । बताते चलें कि खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे द्वारा बीते 20 जून को खाद्य मंत्री श्रीमती रेखा आर्या को बिना बताए नैनीताल जिले के जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन को अनिवार्य रुप से अवकाश पर भेजे जाने का आदेश जारी कर दिया गया था जिसपर माननीया मंत्री महोदया ने कड़ी नाराजगी वक्त करते हुए खाद्य आयुक्त द्वारा की गई इस तरह की कार्यवाही को बेहद ही खेदजनक बताया ,साथ ही खाद्य आयुक्त को स्पस्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया किंतु खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे ने स्पस्टीकरण ना देते हुए 6 जिलों के जिला पूर्ति अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए ।

माननीया खाद्य मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने उक्त विषय को बेहद गंभीरता के साथ लेते हुए मुख्य सचिव को पत्र जारी किया । अपने पत्र में मंत्री महोदया ने कहा कि उनके द्वारा खाद्य आयुक्त को पत्र जारी कर नैनीताल जिले के जिला पूर्ति अधिकारी को उनके दायित्व दिए जाने की बात कही गई थी लेकिन खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे ने उनके आदेशो का अनुपालन अभी तक नही किया है जो कि विभागीय मंत्री के अधिकार क्षेत्र के अतिक्रमण होने के साथ रूल ऑफ बिजनेस का भी उल्लंघन है । बल्कि इससे इतर खाद्य आयुक्त द्वारा अन्य 06 जिलापूर्ति अधिकारीयों के स्थानंनातरण आदेश जारी करना उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह है ! अतः माननीया मंत्री महोदया ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि खाद्य आयुक्त सचिन कुर्बे द्वारा किये गए इस तरह की कृत्य का तत्काल संज्ञान लेने के साथ सख्त कार्यवाही की जाए।

# राजनाथ सिंह तथा उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने द्विपक्षीय बातचीत में रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने 22 जून, 2022 को नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने वर्तमान रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की, जो कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद बढ़ती रही है तथा रक्षा सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रियों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया विस्तृत रणनीतिक साझेदारी के रक्षा तथा सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। दोनों मंत्रियों ने पारस्परिक विश्वास और समझदारी, समान हितों तथा साझा मूल्यों, लोकतंत्र तथा विधि के शासन पर आधारित विस्तृत रणनीतिक साझेदारी को क्रियान्वित करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। दोनों मंत्रियों ने रक्षा अभ्यासों तथा दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान की विविधता का स्वागत किया और भारत-ऑस्ट्रेलिया पारस्परिक लॉजिस्टिक सहायता व्यवस्था के माध्यम से संचालन सहयोग प्रारंभ करने पर बातचीत की।

दोनों मंत्रियों ने रक्षा अनुसंधान तथा सामग्री सहयोग पर भारत-ऑस्ट्रेलिया संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस समूह की बैठक ऑस्ट्रेलिया में इस वर्ष के अंत में होगी। संयुक्त कार्य समूह रक्षा उद्योगों के बीच संबंधों को बढ़ाने की महत्वपूर्ण व्यवस्था है। दोनों मंत्रियों ने सप्लाई चैन की लचीलता बढ़ाने तथा अपने रक्षा बलों को



क्षमता प्रदान करने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच औद्योगिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के रक्षा औद्योगिक आधारों के बीच अवसरों को बढ़ाने के उपायों पर सहमति व्यक्त की।

दोनों मंत्रियों ने ऐतिहासिक जनरल रावत युवा अधिकारी आदान-प्रदान कार्यक्रम 2022 के उत्तरार्ध में प्रारंभ करने की योजना का स्वागत किया। इस कार्यक्रम की घोषणा 21 मार्च, 2022 को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच वर्चुअल शिखर बैठक के दौरान की गई थी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री ने रणनीतिक चुनौतियों तथा क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की और स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और समृद्ध तथा नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्यों को दोहराया। दोनों मंत्रियों ने अक्टूबर, 2022 में ऑस्ट्रेलिया के भारत-प्रशांत प्रयास अभ्यास में भारत की भागीदारी को लेकर आशा जताई।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस राष्ट्रीय युद्ध स्मारक गए और वहां श्रद्धांजलि अर्पित की। राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक के पहले ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

रिचर्ड मार्लेस 20 से 23 जून, 2022 तक भारत की यात्रा पर हैं। वह गोवा गए और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड का दौरा किया तथा स्वदेशी ड्रोन विकास तथा स्वायत वाहन टेक्नोलॉजी में भारत की बढ़ती शक्ति के प्रदर्शन को देखा।

# सेना में रेजिमेंटल सिस्टम बरकरार रहेगा : केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सेना में पारंपरिक रेजीमेंट सिस्टम जारी रहेगा। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, अग्निपथ योजना तीन चीजों को संतुलित करती है- पहली, सशस्त्र बलों की युवा प्रोफाइल, दूसरा, तकनीकी जानकार और सेना में शामिल होने वाले अनुकूलनीय लोग, तीसरा व्यक्ति को भविष्य के लिए तैयार करती है। हमें देश की सुरक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ की जरूरत है। नई भर्ती योजना अग्निपथ के देश में व्यापक विरोध और आंदोलन के बाद से यह तीनों सेनाओं की दूसरी मीडिया ब्रीफिंग थी।

लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा, रक्षा सुधारों पर कई समितियां सशस्त्र बलों के लिए युवा प्रोफाइल की सिफारिश करती हैं और अग्निपथ योजना रक्षा बलों में उस बदलाव को लाने में मदद करती है। दुनिया के किसी अन्य देश में भारत के समान जनसांख्यिकीय लाभांश नहीं है। हमारे 50 प्रतिशत युवा 25 वर्ष से कम आयु वर्ग के हैं। सेना को इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। हमें इस जनसांख्यिकीय लाभांश को प्रतिबिंबित करना होगा।

एयर मार्शल एस.के. झा ने कहा, पहले वर्ष में दो प्रतिशत के साथ आग्नेयास्त्रों को धीरे-धीरे शामिल किया जा रहा है। पांचवें वर्ष में यह संख्या लगभग 6,000 हो जाएगी और 10वें वर्ष में लगभग 9,000-10,000 हो जाएगी। भारतीय वायु सेना में प्रत्येक नामांकन अब केवल 'अग्निवीर वायु' के माध्यम से होगा।

इस बीच, वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय नौसेना का भर्ती कैलेंडर 25 जून के लिए तय किया गया था, लेकिन यह 22 जून से शुरू होगा। ऑनलाइन पंजीकरण 1 जुलाई से शुरू होगा। वाइस एडमिरल त्रिपाठी ने कहा, एग्निवर्स के लिए डीजी शिपिंग आदेश के अनुसार, 4 साल के प्रशिक्षण के बाद वे सीधे मर्चेंट नेवी में जा सकते हैं।

# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 196.45 करोड़ से अधिक लगे टीके

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 196.45 करोड़ (1,96,45,99,906) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,54,02,207 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.58 करोड़ (3,58,99,199) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी। भारत में सक्रिय मामले आज 81,687 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.19 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.60 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 9,862 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,27,25,055 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 12,249 नए मामले सामने आएं। 24 घंटों में कुल 3,10,623 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 85.88 करोड़ से अधिक (85,88,36,977) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 2.90 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 3.94 प्रतिशत है।

# पीएम आज वाणिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे और निर्यात पोर्टल का शुभारंभ करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून, 2022 को सुबह 10.30 बजे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर वनिज्य भवन का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री एक नया पोर्टल - निर्यात (एनआईआरवाईएटी) (राष्ट्रीय आयात-निर्यात वार्षिक व्यापार विश्लेषण रिकॉर्ड) भी लॉन्च करेंगे - जिसे भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए हितधारकों के लिए वन स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे।

इंडिया गेट के पास निर्मित, वाणिज्य भवन को एक स्मार्ट इमारत के रूप में डिजाइन किया गया है, जिसमें ऊर्जा की बचत पर विशेष ध्यान देने के साथ टिकाऊ वास्तुकला के सिद्धांत शामिल हैं। यह एक एकीकृत और आधुनिक कार्यालय परिसर के रूप में काम करेगा, जिसका उपयोग मंत्रालय के तहत दो विभागों यानी वाणिज्य विभाग और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा किया जाएगा।

# आईसीसी ने मीडिया अधिकारों के लिए ई-नीलामी ना करने के बताए कारण



दुबई (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि निविदा की जटिलता के कारण ई-नीलामी नहीं कर सकते और यह सीलबंद बोलियों द्वारा की जाएगी। हाल ही में आईसीसी ने 2024 में शुरू होने वाले आयोजनों के अगले चक्र के लिए मीडिया अधिकारों के लिए अपना पहला निविदा आमंत्रण (आईटीटी) जारी किया था।

आईसीसी ने सोमवार को अकेले भारतीय क्षेत्र के लिए चार और आठ साल (2024-31) के लिए अपने अधिकारों के लिए निविदा शुरू की और भारतीय बाजार में ऐसी आशंकाएं लगाई जा रही है कि आईसीसी द्वारा इस्तेमाल की जा रही सीलबंद बोलियों में पारदर्शी नहीं है।

विशेष रूप से, बीसीसीआई ने हाल ही में आईपीएल अधिकारों को बेचने के लिए एक ई-नीलामी प्रक्रिया का इस्तेमाल किया और इसे सभी से इसकी पारदर्शिता के लिए सराहना मिली।

आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, यह कहना गलत होगा कि कोई पारदर्शिता नहीं है। हम स्पष्ट रूप से ई-नीलामी का उपयोग नहीं कर रहे हैं, क्योंकि हमारे पास अधिकारों का एक जटिल सेट उपलब्ध है। हम सीलबंद बोलियां आमंत्रित कर रहे हैं, एक पद्धति जिसे हमने अतीत में नियोजित किया था।

आईसीसी पैकेज ब्रॉडकास्टरों को चार और आठ साल के लिए रेखीय और डिजिटल अधिकारों का दावा करने की पेशकश करेगा और यह एक समग्र प्रावधान है। इसके अलावा आईसीसी महिला मैचों के लिए अगले चार साल तक बोली लगाने की मांग कर रही है।

दहिया ने कहा, हम पुरुषों और महिलाओं के अधिकारों को अलग-अलग बेच रहे हैं और चार और आठ साल के लिए बाजार का परीक्षण कर रहे हैं और फिर डिजिटल और टीवी की पैकेजिंग है। इन सभी को संबोधित करने के लिए एक ई-नीलामी बहुत जटिल है। इसलिए हम एक सीलबंद बोली पद्धति के साथ जा रहे हैं।

इस बीच, आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि अगले महीने होने वाले वार्षिक सम्मेलन में महिलाओं के आयोजनों के स्थानों की घोषणा की जाएगी। एलार्डिस ने कहा, महिला पैकेज चार साल के लिए उपलब्ध है और हम जुलाई में वार्षिक सम्मेलन के दौरान एक महीने के समय में मेजबान देशों की घोषणा करना चाहते हैं। महिलाओं के कार्यक्रम में 2024 सितंबर-अक्टूबर में टी20 विश्व कप, 2025 जनवरी में अंडर-19 टी20 विश्व कप, 2025 नवंबर में विश्व कप, 2026 जून में टी20 विश्व कप, 2027 जनवरी में अंडर-19 टी20 विश्व कप और 2027 फरवरी में टी20 चैंपियंस ट्रॉफी शामिल हैं। पुरुषों के टेंडर में चार टी20 विश्व कप (2024, 26, 28 और 30), दो चैंपियंस ट्रॉफी (2025 और 29 में) और दो विश्व कप (2027 और 31 में) शामिल हैं। चार अंडर-19 विश्व कप (2024, 26, 28, 30 में) के अलावा चार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल (2025, 27, 29 और 31 में) भी हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी को उम्मीद है कि साल के अंत तक कोर क्षेत्रों में नीलामी पूरी हो जाएगी।

आईसीसी ने कोई आधार मूल्य तय नहीं किया है। 22 अगस्त को बोलियां जमा करनी होंगी और सफल बोलीदाताओं की घोषणा सितंबर के पहले सप्ताह में की जाएगी।

# रुमेली धार ने क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान रुमेली धार ने बुधवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की। भारत के लिये 2003 में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण करने वाली रुमेली ने चार टेस्ट, 78 एकदिवसीय और 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका में हुए 2005 विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में रुमेली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

38 वर्षीय रुमेली ने इंस्टाग्राम पर सन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल के श्यामनगर से शुरू होने वाला 23 साल का मेरा क्रिकेट करियर अपने अंत पर आ गया है। मैं क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा करती हूं। उन्होंने कहा, मेरा सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करना, 2005 में विश्व कप फाइनल खेलना और टीम की कप्तानी संभालना मेरे लिये अच्छा अनुभव रहा। कई बार चोट लगने के कारण मेरा करियर प्रभावित हुआ, लेकिन मैंने हमेशा और बेहतर वापसी की। रुमेली ने अपने संदेश में अपने परिजनों और बीसीसीआई को धन्यवाद देते हुए कहा उन्होंने अपने करियर के हर मैच में कुछ सीखा है। रुमेली ने कहा, आज अपने पसंदीदा खेल को अलविदा कहते हुए मैं अपने परिवार, बीसीसीआई, दोस्तों और उन टीमों (बंगाल, रेलवे, एयर इंडिया, दिल्ली, राजस्थान और असम) को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे खेलने का मौका दिया। मेरी काबिलियत पर भरोसा करने और मुझे अपनी टीम के लिये खेलने का अवसर देने के लिये धन्यवाद। उन्होंने टीम इंडिया तक पहुंचने के रास्ते को हमवार करने में मेरी सहायता की। उन्होंने कहा, इस लंबे करियर में प्रत्येक मैच ने मुझे एक सबक सिखाया जो मेरी दूसरी पारी में मदद करेगा। सभी यात्राओं की तरह, मेरी क्रिकेट यात्रा भी आज समाप्त होती है, लेकिन मैं खेल से जुड़े रहने और देश में युवा प्रतिभाओं को पोषित करने में मदद करने का वादा करती हूं।

## ज्योतिष की सलाह से फुटबॉल खेल रही है टीम इंडिया, एक टूर्नामेंट के लिए खर्चे 16 लाख रुपये

नईदिल्ली (एजेंसी)। अपनी किस्मत के सितारे बुलंद करने के लिए लोग ज्योतिष का खूब सहारा लेते हैं और इसमें हमारा फुटबॉल संघ में भी पीछे नहीं है. भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एशियाई कप क्वॉलीफायर टूर्नामेंट के लिए ज्योतिषी को टीम को प्रेरित करने के मकसद से हायर किया था. यह जानकारी टीम के एक सूत्र ने दी. हैरानी की बात है कि फुटबॉल संघ ने इस सेवा के लिए कुल 16 लाख रुपये भी खर्च किए हैं. सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहते हुए मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वॉलीफाई किया था. सूत्र ने बताया, 'एशियाई कप से पहले राष्ट्रीय टीम के लिए एक प्रेरक नियुक्त किया गया था. बाद में, पता चला कि जिस कंपनी से करार हुआ था।

## वॉशिंगटन सुंदर को बड़ा मौका, लंकाशर की तरफ से काउंटी क्रिकेट में कर सकते हैं डेब्यू

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर इस सत्र में लंकाशर की तरफ से इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं. हालांकि सुंदर का काउंटी में खेलना हालांकि उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा. भारत की ओर से सुंदर ने 4 मैचों में 6 विकेट अपने नाम किए हैं. इस फॉर्मेट में वह 96 रन की नाबाद पारी खेल चुके हैं. वनडे फॉर्मेट के 4 मैचों में उन्होंने 5 शिकार किए हैं.

भारत के चेतेश्वर पुजारा इस सत्र में पहले ही डिवीजन दो में ससेक्स के लिए, खेल चुके हैं. चेन्नई के रहने वाले 22 वर्षीय सुंदर के हाथ की चोट से लगभग ठीक हो चुकी है और वर्तमान में वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं.

वह जुलाई से काउंटी चैम्पियनशिप में तीन मैच खेल सकते हैं. इसके अलावा उन्हें 50 ओवरों के रॉयल लंदन कप में पूरे टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा.

# एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप : भारतीय टीम का ऐलान, सविता करेंगी नेतृत्व

नई दिल्ली (एजेंसी)। एफआईएच महिला विश्व कप 2022 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान किया गया है। लेकिन अगले महीने स्ट्राइकर रानी रामपाल मेगा इवेंट में भाग नहीं ले पाएंगी, क्योंकि पूर्व कप्तान अभी भी चोट के लिए पुनर्वास के दौर से गुजर रही है।

हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि रानी अपनी चोट से उबर चुकी हैं और एफआईएच प्रो लीग मैचों के अंतिम दौर के लिए टीम के साथ रॉटरडैम की यात्रा की थी। हालांकि, मंगलवार को मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा कि वह अभी भी चोट के लिए पुनर्वास के दौर से गुजर रही हैं।

उनकी अनुपस्थिति में गोलकीपर और कप्तान सविता डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान) के साथ 18 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करना जारी रखेगी। सविता ने इस साल एफआईएच प्रो लीग मैचों में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था और टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया था, जो वर्तमान में इस आयोजन में तीसरे स्थान पर है।

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को नीदरलैंड और स्पेन में 1 से 17 जुलाई तक होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम का चयन किया, जिसमें पिछले साल के तोक्यो ओलंपिक खेलों में शामिल अधिकांश खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया था, उस समय भारतीय टीम कांस्य पदक से चूक गई थी।

पूल बी में भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और चीन के साथ अपने अभियान की शुरुआत 3 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ करेगा, जिससे वे तोक्यो में कांस्य पदक मैच हार गए थे।

कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार दो अतिरिक्त खिलाड़ियों सहित 20 सदस्यीय टीम में डिफेंडर गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और मिडफील्डर निशा, सुशीला चानू, मोनिका, नेहा, नवजोत कौर भी शामिल हैं, जो सभी ओलंपिक टीम का हिस्सा थे।

फॉरवर्ड लाइन में बहुत अनुभवी वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर और शर्मिला देवी हैं। चयनकर्ताओं ने प्रतिभाशाली युवा सितारों अक्षता ढेकाले और संगीता कुमारी को अतिरिक्त खिलाड़ियों के रूप में चुना है।

लंदन में आयोजित प्रतिष्ठित क्वाड्रेनियल इवेंट के पिछले संस्करण में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई थी, लेकिन 0-0 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में आयरलैंड से हार गई थी।

टीम चयन के बारे में बोलते हुए मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा, हमने विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम का चयन किया है। यह अनुभव और युवा प्रतिभाओं का मिश्रण वाली टीम है, जिन्होंने एफआईएच में शीर्ष टीमों के खिलाफ मौका दिए जाने पर शानदार खेल दिखाया है।

उन्होंने कहा, टीम अपने विश्व कप अभियान को शुरू करने के लिए पूरी तरह से उत्साहित है और हम अगले दस दिनों का उपयोग प्रो लीग के प्रदर्शन से अपने खेल के आधार विश्लेषण को बेहतर बनाने के लिए करेंगे।

भारतीय टीम अपने ग्रुप-स्टेज के मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में खेलेगी और अगर वह ग्रुप में टॉप करती है तो क्वार्टर फाइनल में भी एमस्टेलवीन में खेलेगी। सेमीफाइनल और फाइनल स्पेन के टेरासा में खेले जाएंगे। पूल बी के लिए क्रॉसओवर मैच स्पेन में खेले जाएंगे।

एफआईएच महिला विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीमः

गोलकीपरः सविता (कप्तान) और बिचु देवी खरीबाम।

डिफेंडर्स : दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान और उदिता।

मिडफील्डरः निशा, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, नेहा, ज्योति, नवजोत कौर, सोनिका और सलीमा टेटे।

फॉरवर्ड : वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, नवनीत कौर और शर्मिला देवी।

# विराट को भी हुआ था कोरोना, प्रैक्टिस मैच खेलने पर सस्पेंस

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड की धरती पर मेजबानों को टेस्ट मैच हराने का सपना देख रही भारतीय टीम की तैयारियों को तगड़ा झटका लगा है. खबरों की मानें तो पूर्व कप्तान विराट कोहली कोरोना वायरस की चपेट में आ गए थे. हालांकि बताया जा रहा है कि वो अब इससे उबर चुके हैं. वो अबतक बीसीसीआई द्वारा शेयर की गई टीम के प्रैक्टिस सेशन की पिक्चर्स में नजर नहीं आए हैं, जिससे इन मीडिया रिपोर्ट्स को काफी बल मिलता है. बताया जा रहा है कि विराट कोहली बीते दिनों आईपीएल के बाद पत्नी संग छुट्टियां बिताने के लिए मालदीव गए थे. वहां से लौटने के बाद वो संक्रमित हो गए.

रिपोर्ट्स की मानें तो विराट भारत से निकलने से पूर्व ही ठीक हो गए थे. हालांकि इस बीमारी से बाहर निकलने के बाद उन्हें कड़े प्रैक्टिस सेशन से दूर रहने के लिए कहा गया है.अभी यह स्पष्ट नहीं है कि विराट 24 जून को लीसेस्टरशायर के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान उपलब्ध रहेंगे या नहीं.

भारत और इंग्लैंड की टीमों को एक से पांच जुलाई के बीच एजबेस्टन में टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला खेलना है. यह मैच बीते साल भारतीय कैंप के बायो-बबल में कोरोना वायरस के प्रवेश के बाद रद्द कर दिया गया था। टीम इंडिया पहले ही सीरीज में 2-1 से आगे है. अगर रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में भी कामयाब रहती है तो भारत सीरीज पर कब्जा जमा लेगा. बीते साल विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम मैदान में उतरी थी. अब रोहित के कंधों पर टीम की कमान है.

# सेरेना ने जीत के साथ वापसी की

ईस्टबोर्न (एजेंसी)। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने विंबलडन के अभ्यास टूर्नामेंट ईस्टबोर्न में महिला युगल का मैच जीतकर एक साल बाद कोर्ट पर शानदार वापसी की।

सेरेना ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके डेढ़ घंटे बाद दर्शकों ने 23 बार की ग्रैंडस्लैम एकल विजेता की जीत का जश्न मनाया।

सेरेना ने अपनी जोड़ीदार ओंस जाबूर के साथ मिलकर महिला युगल के पहले दौर में पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके सारा सोरिब्स टोरमो और मैरी बुजकोवा को 2-6, 6-3, 13-11 से हराया।

इस जीत का मतलब है कि विंबलडन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाली सेरेना को इससे पहले कम से कम एक और प्रतिस्पर्धी मैच खेलने को मिलेगा। विंबलडन सोमवार से शुरू होगा। सेरेना पिछले साल आखिरी बार इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में ही खेली थी।

# डेविड वॉर्नर ने खेली दिल जीतने वाली पारी, मगर दर्ज हुआ ये अनचाहा रिकॉर्ड

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच कोलंबो में 21 जून को चौथा वनडे मैच खेला गया, जिसमें श्रीलंका ने 5 रन से रोमांचक जीत हासिल की. इसी के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 3-1 से अपना कब्जा जमा लिया है. शृंखला का आखिरी मुकाबला इसी मैदान पर 24 जून को खेला जाना है.

चौथे एकदिवसीय मैच में भले ही ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी पारी के दिल जीत लिया. वॉर्नर अपने शतक से महज 1 रन दूर रह गए. इसके लिए उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया.

डेविड वॉर्नर ने 112 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 99 रन बनाए. उन्हें धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर निरोशन डिकवेला ने स्टंप आउट किया. डेविड वॉर्नर क्रिकेट इतिहास में 99 पर स्टंप आउट होने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं.

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम 49 ओवरों में 258 रन पर सिमट गई. श्रीलंका की ओर से चरिथ असलंका ने 106 गेंदों में 110 रन की पारी खेली. उनके अलावा वानिंदु हसरंगा ने नाबाद 21 रन बनाए. विपक्षी टीम की ओर से मिचेल मार्श, पैट कमिंस और मैथ्यू कुहनेमैनने 2-2 विकेट अपने नाम किए.

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम पारी की अंतिम गेंद पर 254 रन पर ऑलआउट हो गई. वॉर्नर (99) के अलावा पैट कमिंस ने 35, जबकि मिचेल मार्श ने 26 रन की पारी खेली. श्रीलंका की तरफ से धनंजय डी सिल्वा, जैफरी और करुणारत्ने ने 2-2 शिकार किए.

# रक्षा मंत्रालय ने 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की 75 सीमावर्ती सड़कों के किनारे 'बीआरओ कैफे' की सुविधायें स्थापित करने को मंजूरी दी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्रालय ने 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सीमा सडक संगठन (बीआरओ) की सीमावर्ती सडकों के विभिन्न इलाकों के 75 स्थानों पर सडक किनारे सुविधायें स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य है पर्यटकों को बुनियादी सुविधायें प्रदान करना और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक गतिविधियों को गति देना। इस कदम से स्थानीय लोगों के लिये रोजगार भी पैदा होंगे। सडक किनारे स्थित इन सुविधाओं को 'बीआरओ कैफे' के नाम से जाना जायेगा।

बीआरओ की पहुंच दूर-दराज के सीमावर्ती इलाकों तक है और उन इलाकों की सामरिक जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वह उत्तरी और पूर्वी सीमाओं में सामाजिक-आर्थिक उन्नति की दिशा में भी काम करता है। इस तरह प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थानों पर पर्यटकों की तादाद बढ़ी है। इन स्थानों पर आसानी से पहुंचना कठिन होता है। सख्त जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियों वाली इन सडकों पर पर्यटकों की आवाजाही को आरामदेह बनाने के लिये, सडकों के किनारे बहुपयोगी सुविधायें तैयार करने की जरूरत है। यह कदम इन क्षेत्रों के प्रमुख पर्यटन सर्किटों को चिह्नित करने के बाद उठाया जा रहा है। चूंकि ये सडकें दूर-दराज स्थित हैं और वहां तक पहुंचना कठिन है, इसलिये वहां व्यापारिक विकास होना मुश्किल हो जाता है। बीआरओ वहां पहले से कार्यरत है, इसलिये इन दूर-दराज के इलाकों में ऐसी सुविधायें उपलब्ध कराने का बीड़ा उसने खुद उठाया है।

इस योजना के तहत एजेंसियों के साथ मिलकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी में सडक किनारे सुविधायें विकसित तथा संचालित की जायेंगी। एजेंसियों को इसके लिये लाइसेंस दिया जायेगा और वे बीआरओ के दिशा-निर्देश में इन सुविधाओं की डिजाइन, निर्माण और संचालन करेंगी। सुविधाओं में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग, फूड प्लाजा/रेस्त्रां, महिलाओं, पुरुषों व दिव्यांगों के लिये अलग-अलग प्रसाधन सुविधा, फर्स्ट-एड सुविधा/एमआई कक्ष आदि का प्रस्ताव किया गया है। प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया के जरिये लाइसेंस देने का कार्य पूरा किया जायेगा।

# सहेली को दिल दे बैठी लडक़ी, कोर्ट में जाकर कहा- पति-पत्नी की तरह रहना चाहती हैं

उदयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के उदयपुर में झाड़ोल थाना पुलिस ने जब दो युवतियों को उदयपुर कोर्ट में पेश किया तो लोगों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। अजमेर से उदयपुर भाग कर आई दो लड़कियों ने कोर्ट में कहा कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करती हैं और शादी कर पति-पत्नी की तरह रहना चाहती हैं जिसके बाद वहां मौजूद हर कोई हैरान रह गया। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि दोनों युवतियों ने शादी कर ली है और उनकी अजमेर में गुमशुदगी दर्ज होने के बाद दस्तयाब का वारंट निकला हुआ है। वहीं दोनों युवतियों को कोर्ट में अपना बयान दिया जिसके बाद उन्हें नारी निकेतन भेज दिया गया। इस मामले में आज फिर सुनवाई होगी।

मिली जानकारी के मुताबिक कोर्ट परिसर में पहुंचे परिजनों ने दोनों युवतियों को काफी देर तक समझाने की कोशिश भी की और दोनों युवतियों के परिजनों ने उन्हें अजमेर से उदयपुर चलने के लिए कहा लेकिन उन्होंने साथ जाने से मना कर दिया। बता दें कि दोनों युवतियां ढाई महीने पहले घर से लापता हो गई थी जिसके बाद परिजनों ने थाने में लापता की रिपोर्ट लिखवाई थी। वहीं दोनों के बालिग होने के चलते पुलिस ने शुरूआत में मामले को गंभीरता से नहीं लिया और परिजन लड़कियों को तलाशते हुए खुद उदयपुर जिले के झाड़ोल कस्बे पहुंचे।

बता दें कि मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान लड़कियों ने कोर्ट में कहा कि वह पिछले 3 सालों से अच्छी दोस्त हैं और उन्हें किसी और से शादी नहीं करनी है। लड़कियों ने कहा कि वह एक-दूसरे के जीवनसाथी बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उनके समलैंगिक संबंधों को परिवार और समाज कभी स्वीकार नहीं कर पाता जिसके कारण उन्होंने घर से भागने का फैसला किया। वहीं झाड़ोल थाने के एएसआई हिम्मत सिंह ने बताया कि हावड़ा अजमेर की रहने वाली दोनों लड़कियां एक ही समाज की है और पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई। जानकारी के मुताबिक एक लडक़ी कॉलेज में फर्स्ट ईयर और दूसरी 12वीं की छात्रा है जिनमें से एक की उम्र 21 और दूसरी की 20 साल है।

पुलिस ने बताया कि दोनों लड़कियां एक दूसरे से प्यार करती है। बता दें कि मूल रूप से अजमेर की रहने वाली दोनों लड़कियां 3 साल पहले एक प्रोग्राम में एक दूसरे से मिली थी जिसके बाद दोनों की दोस्ती हुई और एक-दूसरे से प्यार हो गया। अक्सर दोनों एक दूसरे के घर आती-जाती भी थी। इसके बाद शादी करने और साथ रहने के उद्देश्य से दोनों ढाई महीने पहले घर से गायब हो गई जिसके बाद परिजन लगातार तलाश कर रहे थे।

# अमित शाह कल नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र की भविष्य की भूमिका विषय पर क्रेडिट सोसाइटी सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, अमित शाह कल नई दिल्ली में शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र की भविष्य की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय अनुसूचित और बहु-राज्य शहरी सहकारी बैंक तथा क्रेडिट सोसाइटी सम्मेलन के मुख्य अतिथि होंगे। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि (सहकारिता के माध्यम से समृद्धि) के दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा।

सम्मेलन के व्यावसायिक सत्रों में अनुसूचित और बहु-राज्य शहरी सहकारी बैंकों तथा क्रेडिट सोसाइटी एवं सहकारी ऋण क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दे शामिल होंगे- जैसे शहरी सहकारी बैंकों की भविष्य की भूमिका और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें, शहरी सहकारी क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय सहकारी वित्त और विकास सहयोग एक व्यापक संगठन के रूप में एक गेम चेंजर, बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 2020 और इसके प्रभाव एवं विकास, बहु-राज्य समितियों के विशेष संदर्भ में वित्तीय क्षेत्र परिदृश्य में क्रेडिट सोसाइटी की भूमिका तथा सहकारी क्रेडिट सोसाइटी के विनियमन और कराधान आदि।

सम्मेलन उन शहरी सहकारी बैंकों को भी सम्मानित करेगा, जिन्होंने समाज की सेवा के 100 साल पूरे कर लिए हैं। देश में ऐसे 197 बैंक हैं। यह देश में सहकारी समितियों और सहकारी बैंकों के गहरे रूप से जुड़े होने का संकेत देता है। गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विभिन्न बैंकों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन में कई बैंकों के शामिल होने की उम्मीद है।

शहरी सहकारी बैंक, देश के सबसे पुराने बैंकिंग संस्थानों में से हैं। वे एक सदी से भी अधिक समय से अस्तित्व में हैं। समाज के विभिन्न समुदायों से जुड़े लोगों द्वारा इन बैंकों को संगठित और प्रबंधित किया जाता है; जिनमें शिक्षक, वकील, व्यापारी, डॉक्टर, इंजीनियर, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य शामिल हो सकते हैं और वे अपने सदस्यों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं। इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा, सहकारिता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमिटेड (एनएएफसीयूबी) के मानद अध्यक्ष डॉ. एच.के. पाटिल, एनएएफसीयूबी के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता और एनएएफसीयूबी के उपाध्यक्ष वी.वी. अनस्कर भी उपस्थित रहेंगे।

## पार्टी में बगावत से भडक़ी शिवसेना, महाराष्ट्र में बीजेपी दफ्तर पर पथराव

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में सियासी हंगामा जारी है। उद्धव सरकार में मंत्री रहे एकनाथ शिंदे जब से शिवसेना के 33 विधायकों और 7 निर्दलीय विधायकों समेत लापता हुए हैं तब से ही महाविकास अघाड़ी सरकार खतरे में है। वहीं बताया जा रहा है कि शिवसेना के बागी विधायक गुजरात से निकलकर गुवाहाटी पहुंच चुके हैं। हालांकि, बागी विधायकों का नेतृत्व कर रहे मंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह शिवसेना नहीं छोड़ने वाले हैं। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने आज कैबिनेट की मीटिंग बुलाई है। गुवाहाटी पहुंचकर एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि शिवसेना के कुल 55 में से 40 विधायक उनके साथ हैं। इसके अलावा 7 निर्दलीय विधायकों का साथ भी एकनाथ शिंदे को मिला है। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे एनसीपी से नाराज बताये जा रहे हैं।

वहीं महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच हंगामा भी शुरू हो गया है। सांगली में बीजेपी विधायक सुरेश खाडे के कार्यालय पर शिवसैनिकों ने पथराव किया है। साथ ही सीथ तरबूज आदि भी वहां फेंके गए हैं। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस ने सात कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### केरल के मुख्यमंत्री की बढ़ी मुश्किलें, सोने की तस्करी के मामले में ईडी करेगी स्वप्ना से पूछताछ

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर सोने और करेंसी की तस्करी में संलिप्तता का आरोप लगाने वाले मुख्य आरोपी स्वप्ना सुरेश से बुधवार को पूछताछ करेगी। स्वप्ना सुरेश ने इस माह मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में मुख्यमंत्री, उनकी पत्नी और बेटी पर आरोप लगाए थे। ईडी के समक्ष पेश होने पर स्वप्ना का दिया गया बयान पिनाराई विजयन की मुश्किलें बढ़ा सकता है। ईडी के समक्ष स्वप्ना दूसरी बार पेश हो रही है। वह पहली बार 2020 में पेश हुई थी, जब उसे बेंगलुरु में सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। ईडी की पहली पूछताछ में स्वप्ना ने मुख्यमंत्री का नाम नहीं लिया था। ऐसा लग रहा था कि यह मामला शांत हो गया है और पिनाराई पर छाये संकट के बादल छंट गए हैं लेकिन स्वप्ना ने अपने नये बयान में उनके पूरे परिवार को घसीट लिया। स्वप्ना ने साथ ही यह आरोप लगाया था कि एक मध्यस्थ के माध्यम से एक शीर्ष पुलिस अधिकारी मामले को निपटाने की कोशिश कर रहा है, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक एम आर अजीत कुमार को पद से हटा दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने स्वप्ना से नये सिरे से पूछताछ करने की कोशिश की लेकिन अदालत ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया और इसी दौरान ईडी ने भी स्वप्ना को बुधवार को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस भेजा। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए स्वप्ना ने सोने की तस्करी के मामले में केरल सरकार की भूमिका की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। पिनाराई विजयन को सत्तारुढ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे ने समर्थन देने का निर्णय लिया है लेकिन विपक्षी कांग्रेस विधानसभा के नए सत्र में इस मसले पर मुख्यमंत्री को घेरने की तैयारी कर रही है।

### महाराष्ट्र में सियासी थ्रिलर, संजय राउत ने दिए विधानसभा भंग करने के संकेत

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार विधानसभा भंग करने की सिफारिश कर सकती है। ये संकेत शिवसेना सांसद संजय राउत ने दिए। संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में मौजूदा राजनीतिक हालात विधानसभा भंग होने की ओर बढ़ रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी सरकार पर सियासी संकट गहराता जा रहा है। शिवसेना नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र विधानसभा भंग करने के संकेत दे दिए हैं। उन्होंने राज्य के सियासी हालात के बीच ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक संकट विधानसभा भंग करने की ओर बढ़ रहा है। बता दें कि शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे पार्टी के 34 विधायकों और 7 निर्दलीय विधायकों के साथ असम के गुवाहाटी पहुंच गए हैं। सभी बागी विधायकों को रैडिसन ब्लू होटल में ठहराया गया है। इस दौरान होटल के बाहर भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। हालांकि, इस बीच महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक 1 बजे होगी। साथ ही महाराष्ट्र कांग्रेस पर्यवेक्षक कमलनाथ की मौजूदगी में आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में 43 विधायक मौजूद रहेंगे।

### महाराष्ट्र : राज्यपाल कोश्यारी कोरोना से संक्रमित

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के बीच राज्य के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी (80) बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए। कोश्यारी को फिलहाल एच एन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें कोरोना के कितने गंभीर या सामान्य लक्षण हैं, यह अभी पता नहीं चला है। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेतृत्व वाली उद्धव ठाकरे की सरकार वर्तमान में महाराष्ट्र में मुश्किल में है क्योंकि उनके मंत्री और शिवसेना के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे ने विद्रोही रुख अपनाया है। उनके साथ शिवसेना और निर्दलीय समेत 40 विधायक हैं। ये सभी विधायक वर्तमान में भाजपा शासित राज्य असम के गुवाहाटी में मौजूद हैं। महाराष्ट्र में हुए विधान पार्षद (एमएलसी) चुनाव में कुछ विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिला क्योंकि इसके पांच उम्मीदवार जीतने में कामयाब रहे।

### एनडीए की राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को मिली जेड प्लस सुरक्षा

रायरंगपुर (एजेंसी)। केंद्र ने एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को सीआरपीएफ कमांडो की जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इससे पहले आज सुबह द्रौपदी मुर्मू ने रायरंगपुर के शिव मंदिर में झाड़ू लगाकर सफाई की और उसके बाद पूजा-अर्चना की। उन्होंने रायरंगपुर के ही जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। द्रौपदी मुर्मू को केंद्र सरकार ने आज से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा 24 घंटे जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। ओडिशा में सिंचाई और बिजली विभाग में एक कनिष्ठ सहायक से लेकर बीजेपी के नेतृत्व वाले राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार नामित होने तक का सफर आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू के लिए बेहद लंबा और मुश्किल सफर रहा है। निर्वाचित होने पर मुर्मू आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति होंगी।

### जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई, लश्कर के 3 आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बडग़ाम जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और लश्कर के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दी है। दरअसल, गिरफ्तार आतंकी साथियों की पहचान आशिक हुसैन हाजम गुलाम मोही दीन डार और ताहिर बिन अहमद के रूप में हुई है। पुलिस ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बडग़ाम पुलिस ने 53 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 181 बटालियनों के साथ लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार करके प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद के साथ लश्कर-ए-तैयबा की आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। इस मामले में एक चीनी पिस्तौल, दो पिस्टल मैगजीन, 22 पिस्टल, एक एके मैगजीन और 30 एके राउंड सहित आतंकी अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक भी बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आतंकवादी सहयोगी आतंकवादियों, हथियारों और विस्फोटक सामग्री के परिवहन में शामिल रहे हैं और जिले के लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को रसद सहायता प्रदान कर रहे थे। कानून की संबंधित धाराओं के तहत चदूरा पुलिस स्टेशन चदूरा में मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

## संपादकीय

# पुख्ता हो साइबर सुरक्षा

साइबर सुरक्षा जटिल मसला है, जिसका विविध क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव होता है. इसीलिए, बहुआयामी, बहुस्तरीय पहल और प्रतिक्रियाओं की जरूरत होती है. भौगोलिक दायरे से परे इस समस्या ने सरकारों के सामने बेहिसाब चुनौतियां पेश की हैं. मालवेयर, फिशिंग हमले, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर लक्षित हमला, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे वर्चुअल दुनिया के अपराध लगातार बढ़ रहे हैं. भारत में करीब 80 करोड़ लोगों की ऑनलाइन मौजूदगी है, 2025 तक यह तादाद 40 करोड़ और बढ़ जायेगी. इससे साइबर निगरानी और सुरक्षा की अहमियत को समझा जा सकता है. गृह मंत्रालय द्वारा 'साइबर सुरक्षा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा' विषय पर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस में गृहमंत्री ने इन दोनों के बीच की कड़ी को रेखांकित किया. कुछ देशों ने बकायदा साइबर आर्मी तैयार कर ली है. गृह मंत्रालय के साइबर एवं सूचना सुरक्षा (सीआईएस) अनुभाग के तहत साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) की व्यवस्था बनायी गयी है. इसमें राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, राष्ट्रीय साइबर खतरा विश्लेषण इकाई, राष्ट्रीय साइबर अपराध फोरेंसिक प्रयोगशाला, संयुक्त साइबर अपराध कोऑर्डिनेशन टीम, राष्ट्रीय साइबर अपराध प्रशिक्षण केंद्र, राष्ट्रीय साइबर अपराध शोध एवं नवाचार केंद्र तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध इको-सिस्टम और प्रबंधन इकाई जैसे घटक हैं. चूंकि, डेटा और सूचना का व्यापक आर्थिक महत्व है और यह बढ़ भी रहा है. ऐसे में इसकी विविध स्तरों पर सुरक्षा को लेकर तैयारी भी आवश्यक है. साल 2012 में साइबर अपराध के 3377 मामले सामने आये थे, 2020 में यह आंकड़ा 50 हजार को पार कर गया. राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल की शुरुआत के तीन वर्षों में दो लाख सोशल मीडिया अपराध शिकायतों के साथ साइबर अपराध के 11 लाख मामले सामने आये हैं. बीते आठ वर्षों में इंटरनेट कनेक्शन 231 प्रतिशत बढ़ा है, तो प्रति जीबी डेटा लागत भी 96 प्रतिशत तक कम हुई है. इस बढ़त के बीच साइबर धोखाधड़ी और अपराधों का बढ़ना भी स्वाभाविक है. एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में साइबर अपराधों से दुनियाभर में छह ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ. निजी फर्म, सरकारी सेवाएं, विशेषकर महत्वपूर्ण उपयोगिताओं वाली सेवाओं पर साइबर हमले और सेंधमारी का जोखिम बढ़ रहा है. सामान्य लोगों में साइबर सुरक्षा को लेकर जागरूकता नहीं है. डिजिटल प्लेटफॉर्मों के ऐसे अपराधों की चपेट में आने से उपभोक्ताओं का विश्वास टूटता है. साथ ही कैशलेस अर्थव्यवस्था बनने की राह में भी यह अवरोधक है. दूसरी ओर, ऑनलाइन अतिवाद की भी चुनौती है. क्योंकि, कट्टरपंथी और आतंकी भौगोलिक सीमाओं से बाहर भी अपनी हरकतों को अंजाम देने में सक्षम हो जाते हैं. महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा को पुख्ता करने हेतु सुरक्षा सूचकांक जैसा तंत्र बनाना होगा, ताकि सुरक्षा तैयारियों का सही और सटीक आकलन हो सके. इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर देखने की जरूरत है, तभी व्यापक स्तर पर लोगों की सुरक्षा और निजता की रक्षा हो सकेगी.

# मोदी सरकार ने नौजवानों की पेट और पीठ पर लात मारने का काम किया : संजय सिंह



नई दिल्ली(एजेंसी) । रक्षा मंत्रालय की अग्नीपथ योजना को पूरी तरह से निरस्त करने के लिए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहां की हिंदुस्तान के नौजवानों के साथ धोखा है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने नौजवानों की पेट और पीठ पर लात मारने का काम किया है। ये भारत माता की सुरक्षा के साथ भी गद्दारी है, इसलिए ये अग्निपथ योजना तत्काल वापस होनी ही चाहिए। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विधायक कह रहे हैं कि आंदोलन करने वाले नौजवान जिहादी-आतंकवादी हैं। केंद्रीय मंत्री कह रहे हैं यह लोग नाई, ड्राइवर, चालक, इलेक्ट्रिशियन बन जाएंगे और बीजेपी दफ्तर में गार्ड लगा लेंगे। राजस्थान में दो नौजवानों ने अग्निपथ योजना के चलते आत्महत्या कर ली है। भारतीय जनता पार्टी के नेता युवाओं के घाव पर नमक छिडक़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में रहकर देश सेवा करने वाले प्रधानमंत्री 12 करोड़ की गाड़ी में घूमेंगे और सीमा पर सुरक्षा करने के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अग्निवीरों को शहीद का दर्जा भी नहीं देंगे। क्या देश सेवा के लिए भाजपाइयों का दोहरा मापदंड है? बाबा साहब के द्वारा लिखे गए संविधान में दिखा दीजिए जहां पर राजनीति को लूटने का धंधा बताया है। सेना देश सेवा के लिए है तो क्या राजनीति लूटने के लिए है? पैसों की कमी का ड्रामा और आर्थिक संकट पूरी तरह से बेबुनियाद और झूठा है। देश के चंद पूंजीपतियों पर बैंकों का 10.50 लाख करोड़ रुपए बकाया है। मेहुल चौकसी, नीरव मोदी ने 20 हजार करोड़, नितिन संदेशरा ने 6 हजार करोड़, विजय माल्या ने 10 हजार करोड़, ललित मोदी ने 2800 करोड़ रुपए बैंकों का लूट लिया। अगर पीएम मोदी अपने इन मित्रों से पैसा वसूल लें तो 46 हजार अग्निवीरों को 20 साल तक अच्छी तनख्वाह दी जा सकती है।संजय सिंह ने कहा कि अग्नीपथ योजना को लेकर बिहार के मंत्री ने आपत्तिजनक बयान दिया है। उससे पहले भाजपा के विधायक, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय महासचिव ने शर्मनाक बयान दिया था। इस वक्त नौजवानों आंदोलन कर रहे है। राजस्थान में 19 साल के कन्हैया कुमार, अंकित कुमार सहित दो युवकों ने अग्निपथ योजना के चलते आत्महत्या कर ली है।

# देश की महान राष्ट्रपति बनेंगी द्रौपदी मुर्मू... एनडीए उम्मीदवार पर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली (एजेंसी)। एनडीए ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार में झारखंड की पूर्व राज्यपाल और आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू के नाम पर मुहर लगा दी है। इससे पहले विपक्ष ने पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का नाम फाइनल किया था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के एनडीए उम्मीदवार के ऐलान के कुछ देर बाद पीएम नरेंद्र मोदी ट्वीट किया कि द्रौपदी मुर्मू देश की एक महान राष्ट्रपति बनेंगी।

इससे पहले भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने प्रेस कांफ्रेस के जरिए एनडीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार का औपचारिक ऐलान किया। काफी देर तक चले मंथन में पीएम मोदी, अमित शाह समेत कई बड़े नेताओं ने बैठक की थी। जिसमें सर्वसम्मति से द्रौपदी मुर्मू का नाम फाइनल किया गया।

कौन हैं द्रौपदी मुर्मू

द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं। आदिवासी नेता कहे जाने वाली मुर्मू ओडिशा की रहने वाली हैं और बीजेडी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। द्रौपदी मुर्मू के नाम पर मुहर लगने के बाद अब एनडीए को चुनाव में बीजू जनता दल का साथ मिलने की संभावना काफी बढ़ गई है।

क्या बोले पीएम मोदी

पीएम मोदी ने एनडीए के राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के बारे ट्वीट किया। पीएम ने लिखा, द्रौपदी मुर्मू जी ने अपना जीवन समाज की सेवा और गरीबों, दलितों के साथ-साथ हाशिए के लोगों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित किया। उनके पास समृद्ध प्रशासनिक अनुभव है और उनका कार्यकाल उत्कृष्ट रहा है। मुझे विश्वास है कि वह हमारे देश की एक महान राष्ट्रपति होंगी।

पीएम मोदी ने आगे लिखा, लाखों लोग, विशेष रूप से वे जिन्होंने गरीबी का अनुभव किया है और कठिनाइयों का सामना किया है, द्रौपदी मुर्मू जी के जीवन से बहुत ताकत मिलती है। नीतिगत मामलों में उनकी समझ और दयालु स्वभाव से हमारे देश को बहुत लाभ होगा।

जनजातीय गौरव को नए शिखर पर ले जाने वाला काम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, आज देश के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व व जेपी नड्डा जी की अध्यक्षता में एनडीए ने राष्ट्रपति पद के लिए श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी की घोषणा की है। ये निर्णय जनजातीय गौरव को नए शिखर पर ले जाने का काम करेगा। इसके लिए मोदी जी का अभिनंदन करता हूं।

# मोदी सरकार दिल्ली में तोडऩे जा रही 53 मंदिर : आम आदमी पार्टी

नई दिल्ली, 22 जून ( आरएनएस) । आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जो पार्टी मंदिर मस्जिद की राजनीति करती है वही पार्टी दिल्ली में 53 मंदिरों को तोडऩे की तैयारी में है।संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा देश के सामने आ गया है। मोदी सरकार दिल्ली में 53 मंदिरों को तोडऩे जा रही है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को चि_ी भेजकर कहा है कि हमें श्रीराम, श्रीकृष्ण, हनुमान, शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा समेत 53 मंदिरों को तोडऩे के लिए धार्मिक समित की अनुमति चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग देश भर में धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं और दिल्ली में 53 मंदिरों को तोडऩे की योजना बना रहे हैं। इस मामले में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा दिल्ली प्रमुख आदेश गुप्ता को सामने आकर दिल्ली की जनता से हाथ जोडक़र माफी मांगनी चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि इस मामले में भाजपा को सामने आकर दिल्ली की जनता को जवाब देना चाहिए। दिल्ली में मंदिरों को तोडऩे की साजिश भाजपा के असली चेहरे को उजागर करता है कि ये लोग हिन्दू धर्म के कितने बड़े विरोधी हैं।संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में कई मंदिरों को तोडऩे की बनाई जा रही योजना का पर्दाफांस किया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के नाम पर ड्रामा करते हैं। धर्म के नाम पर झगड़े कराएंगे, नफरत फैलाएंगे। दिल्ली में धर्म के नाम पर ड्रामा करेंगे और भाजपा के लोग धर्म का सबसे बड़ा ठेकेदार बनने का काम करेंगे, लेकिन दिल्ली में एक-दो नहीं, बल्कि 53 मंदिरों को तोडऩे की योजना है। भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार दिल्ली में 53 मंदिर तोडऩे जा रही है। भाजपा को सामने आकर इसका जवाब देना पड़ेगा कि यही तुम्हारा असली चेहरा है। मोदी सरकार ने दिल्ली सरकार को पत्र लिखा है कि धार्मिक समिति से हमें अनुमति चाहिए। दिल्ली सरकार को केंद्र सरकार ने चि_ी लिखी है कि हमें दिल्ली में 53 मंदिरों को तोडऩे की अनुमति चाहिए।संजय सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी, आदेश गुप्ता और भाजपा का यह असली चेहरा है। ये लोग दिल्ली के 53 मंदिरों को तोडऩे जा रहे हैं। जिसमें प्रभु श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण, हनुमान, महादेव शिव, माता दुर्गा, साईं बाबा का मंदिर समेत कोई मंदिर नहीं छोड़ रहे हैं। भाजपा के लोगों को अपने चेहरे पर कालिख लगाकर घूमना चाहिए।

# केट शर्मा ने शेयर किया बिकिनी तस्वीरें देखकर अपनी मॉम का रिएक्शन

केट शर्मा का सोशल मीडिया भले ही उनके बिकनी शूट और सेक्सी कपड़ों में आत्मविश्वास के लिए तारीफों और तारीफों के साथ धमाका कर रहा हो, लेकिन उनके लिए, एक टिप्पणी सामने आई है। अपनी बेटी को इतने नाजुक दृश्यों और शूटिंग में देखने के बारे में अभिनेत्री की मां का कुछ और ही कहना था। केट ने हमारे साथ साझा किया कि उनकी पहली बिकनी पोस्ट देखकर उनकी मां ने कैसे प्रतिक्रिया दी, ज्यादातर माताओं की तरह, मेरी माँ भी थोड़ी पारंपरिक हैं और मेरी पहली बिकनी पोस्ट को देखकर, उनकी प्रतिक्रिया वास्तव में काफी मजेदार थी। उन्होंने मुझे डांटा।

मैं वास्तव में फोन के माध्यम से गर्मी महसूस कर सकती थी। माँ रिश्तेदारों के बारे में सोचती थीं कि वे क्या सोचेंगे और कैसे प्रतिक्रिया देंगे, लेकिन मैं उनके साथ बैठ गई और शांति से उन्हें फैशन के बारे में समझाया कि उद्योग और कला और दुनिया कैसे विकसित हुई है। मैंने उन्हें समझाया कि यह सिर्फ पहनावा नहीं है बल्कि यह महिलाओं को कई अलग-अलग तरीकों से सशक्त बनाता है।

हर चीज के दो पहलू होते हैं इसलिए मैंने उनसे कहा कि इसे शक्तिशाली, शानदार और सुंदर के रूप में लें। लेकिन इसके अलावा, मेरी मां ने मेरे सपनों को पूरा करने और एक मॉडल और अभिनेत्री बनने में मेरा काफी साथ दिया है। यह वास्तव में हमारे माता-पिता की प्रार्थना है जो हमें सफलता की ओर ले जाती है। केट ने इंस्टाग्राम पर रील में फोन के जरिए अपनी मां के चिल्लाने का एक मजेदार वर्जन भी पोस्ट किया है और यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।





# हिना खान ने किया इंटरनेट पर कब्ज़ा, नया फोटोशूट देख घायल हुए फैंस

टेलीविजन के मशहूर सीरियल से घर-घर में अपनी छाप छोडने वाली हिना खान बॉलीवुड में करियर बनाने के प्रयास में लगी हुई हैं। कान्स में उन्होंने अपनी अगली फिल्म कंट्री ऑफ ब्लाइंड का पोस्टर जारी करके ये बता दिया कि वो बॉलीवुड पर कमाल करने वाली हैं। लाखों दिलों पर राज करने वाली हिना खान हाल ही में एक अवॉर्ड कार्यक्रम में नजर आई।

वहीं इसके चलते वो बेहद खूबसूरत लगीं। हिना ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इवेंट लुक की कुछ तस्वीरें साझा की है। जिसे देखकर प्रशंसक अपना दिल हार रहे हैं। इन तस्वीरों में हिना खान ने ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस पहन रखी हैं। ब्लैक गाउन में वो अब तक की सबसे खूबसूरत लुक में नजर आ रही हैं। हिना खान ने ग्लिटरी मेकअप किया था जिससे शाम को और भी वो खूबसूरत बना सकें। गले में चोकर आकर्षक का केंद्र था।

हिना खान की फोटोज से प्रशंसकों की नजर नहीं हट रही हैं। स्टनिंग, फायर, हॉट जैसे कमेंट की लाइन लगी हुई हैं। कुछ लोग उनकी आंखों की प्रशंसा भी करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष हिना खान ने फिर से इंटरनेशनल इवेंट कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने फैशनेबल लुक से जलवा बिखेरा। हालांकि उन्हें भारतीय पवेलियन में हिस्सा नहीं मिलने के कारण थोड़ा दुख हुआ था। वही फिलहाल इंटरनेट पर हिना की ये तस्वीरें छाई हुई है।

## रणबीर कपूर, संजय दत्त और वाणी कपूर तीन शहरों में लॉन्च करेंगे शमशेरा का ट्रेलर

हिंदी फिल्म जगत के जाने माने अभिनेता रणबीर कपूर अपने सह-कलाकारों संजय दत्त, वाणी कपूर और निर्देशक करण मल्होत्रा के साथ अपनी आगामी फिल्म शमशेरा का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए तीन अलग-अलग शहरों की यात्रा करेंगे। इस विषय पर रणबीर कहते हैं, मैं शमशेरा का प्रचार शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे हम बड़े दर्शकों तक ले जाना चाहते हैं।

यह एक बड़े दर्शकों के लिए बनाई गई फिल्म है। हम फिल्म की मार्केटिंग के लिए, जो कुछ भी कर सकते हैं वो हम करेंगे, मैं उस पर दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूं।संजय ने साझा किया कि, उन्होंने फिल्म देखी है और यकीन है कि यह पूरे भारत से जुड़ेगी। अभिनेता कहते हैं, इस तरह की एक फिल्म एक आउट एंटरटेनर है और यह हमारी सर्वोत्कृष्ट हिंदी फिल्मों के बारे में जो कुछ भी अच्छा है, उसका जश्न मनाती है। शमशेरा अभिनेत्री वाणी कपूर ने कहा, मैं 3-सिटी ट्रेलर लॉन्च के साथ शमशेरा के प्रचार को शुरू करने के लिए रोमांचित हूं, जो हमें प्रशंसकों और दर्शकों के साथ बातचीत करते हुए देखेगा।

# मिया बीवी और मर्डर का ट्रेलर आउट, जल्द रिलीज होगी वेब सीरीज

राजीव खंडेलवाल और मंजरी फडनीस की आगामी वेब सीरीज मिया बीवी और मर्डर का ट्रेलर जारी किया गया है, यह वेब शो 1 जुलाई को रिलीज हो रहा है। सुनील मनचंदा द्वारा निर्देशित यह एक थ्रिलर है शो है। कहानी एक शादीशुदा जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसा कि प्रिया और जयेश सात साल की असफल शादी में संघर्ष करते हैं, उनकी जिंदगी में एक रात अप्रत्याशित मोड़ आता है, जब उन्हें जिंदा रहने के लिए अपने मतभेदों को दूर करना पड़ता है।

सीरीज को लेकर राजीव खंडेलवाल ने कहा, एमएडी फिल्मों के साथ काम करना और इस तरह के इसका हिस्सा बनना बहुत रोमांचक था। निर्देशक सुनील, मंजरी, मैं और बाकी कलाकार शो की शूटिंग के दौरान इतना चार्ज हो गया था कि यह स्क्रीन पर दिखाई देता है। साथ ही इसे उस समय के दौरान शूट किया गया था जब आम तौर पर महामारी के कारण मूड बहुत तनावपूर्ण और उदास था।

अभिनेता ने आगे कहा, हमने सोचा था कि यह उन्हें मुस्कुराएगा और हंसाएगा। यह डार्क कॉमेडी है और मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया है। अब हमें उम्मीद है कि दर्शक भी इस मैड कैप कॉमेडी थ्रिलर का आनंद लेंगे।

शो में प्रिया का किरदार निभा रहीं मंजरी फडनीस ने कहा, मैं इस सीरीज का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह प्रिया और जयेश की खराब शादीशुदा जिंदगी और कैसे एक रात का पागलपन उन्हें एक साथ लाता है, के बारे में है। एक टीम के रूप में काम करें। मैं दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती हूं।

शो में रुशाद राणा, अश्मिता बख्शी और प्रसाद खांडेकर भी हैं। यह एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगा।

## मृगदीप लांबा की फुकरे 3 की शूटिंग हुई पूरी

मृगदीप लांबा की फुकरे 3 की तीसरी कड़ी की शूटिंग पूरी हो गई है। फिल्म निर्माता ने कलाकारों को धन्यवाद देते हुए एक नोट लिखा है। लांबा ने अपने सोशल मीडिया पर फुकरे 3 के रैप अप का उल्लेख करते हुए एक पोस्ट साझा किया, जबकि उन्होंने उत्सव को चिह्नित करने के लिए केक की एक तस्वीर डाली।

**उन्होंने कैप्शन में एक थैंक्यू नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, यह एक रैप है हैशटैग- फुकरे3 थैंक यू हैशटैग- टीमफुकरे3 आप लोग कमाल के थे। आप में से हर एक फुक फुक फुक शूट पागलपन को मिस**

दैनिक न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक : मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा